जनपद न्यायालय, वाराणसी।

निविदा आमंत्रण आदेश

सर्वसाधारण/फर्मों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 के शेष 06 माह की अवधि के लिये जनपद न्यायालय, वाराणसी परिसर स्थित वाहन स्टैण्ड की नीलामी हेतु मुहर बंद निविदाएं दिनांक 12.10.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी कार्य दिवस में समय सायं 4:00 बजे न्यायालय परिसर स्थित मनोरंजन कक्ष में माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जायेंगी।

निविदा प्रस्तुत करने हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म नियमों एवं शर्तों की जानकारी दीवानी न्यायालय, वाराणसी के नोटिस बोर्ड अथवा नजारत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

मुहर बंद निविदाएं मय धरोहर धनराशि (मु0 60,000/–) सहित दिनांक 12.10.2026 तक नजारत कार्यालय में अपरान्ह 12:00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्राप्त करा दिये जाये। इसके पश्चात कोई आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा।

किसी भी निविदा को स्वीकृत करने या अस्वीकृत करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश, वाराणसी को होगा।

इस आमंत्रण आदेश को न्यायालय/ जिलाधिकारी/मंडलायुक्त के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाये एवं इसकी सूचना न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय एवं जनपद वाराणसी की वेबसाइट पर भी अपलोड की जाये।

(सर्वजीत कुमार सिंह)
अध्यक्ष–नीलामी समिति,
जनपद न्यायालय, वाराणसी

प्रतिलिपि प्रेषितः–

1. प्रति माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
2. प्रति कम्प्यूटर अनुभाग को न्यायालय के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. प्रति आयुक्त, वाराणसी के नोटिस बोर्ड पर लगाये जाने हेतु।
4. प्रति जिलाधिकारी, वाराणसी के नोटिस बोर्ड पर लगाये जाने हेतु।

(सर्वजीत कुमार सिंह)
अध्यक्ष–नीलामी समिति,
जनपद न्यायालय, वाराणसी